# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक– 1547/कु0का0/2023 दिनांक– 20/05/2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

विषयः– सत्र 2023–24 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर (परम्परागत एवं व्यवसायिक) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 19.05.2023 के मद सं0 05 के अन्तर्गत लिए गए निर्णय में महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ से सम्बद्ध महाविद्यालयों में छात्र–छात्राओं के स्नातक एवं स्नातकोत्तर (परम्परागत एवं व्यवसायिक) पाठ्यक्रमों सत्र 2023–24 में प्रवेश की प्रक्रिया पूर्व सत्र (2022–23) की भाँति निम्नवत किया जाना निर्धारित किया गया है।

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ | अंतिम |
|---|---|---|---|
| 1. | समस्त महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन आमंत्रित करना। | 22.05.2023 | 21.06.2023 |
| 2. | समस्त महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश प्रक्रिया का संपादन एवं प्रवेशित छात्रों का विवरण निर्धारित प्रारूप में विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करना | 25.05.2023 | 10.07.2023 |
| 3. | महाविद्यालयों द्वारा प्रवेशित छात्रों का निर्धारित प्रवेश पंजीकरण शुल्क महाविद्यालय लॉगइन से आनलाइन चालान द्वारा ऑनलाइन/RTGS/NEFT के माध्यम से विश्वविद्यालय के खाते में जमा कराना | 11.07.2023 | 13.07.2023 |
| 4. | समस्त महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया का समापन | ----- | 10.07.2023 |
| 5. | समस्त महाविद्यालयों द्वारा समस्त पाठ्यक्रमों के पठन–पाठन की समय–सारणी विश्वविद्यालय के आनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना | ----- | 11.07.2023 |
| 6. | समस्त महाविद्यालयों में सत्र 2023–24 का शुभारम्भ | ----- | 17.07.2023 |

प्रवेश प्रक्रिया महाविद्यालयों में स्वीकृत पाठ्यक्रमों में निर्धारित सीटों के सापेक्ष वांछित अर्हता/नियमानुसार सम्पन्न कराई जानी है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि कृपया समस्त प्राचार्य उपराक्तानुसार प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित :–

1. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
3. वेबसाइट प्रभारी को इस आशय से प्रेषित है, कि उक्त पत्र को महाविद्यालय के लॉगिन एवं विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने एवं ऑनलाइन निर्धारित शुल्क जमा कराए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव